दिनांक—06.10.2023 समय—7.10पीएम

## प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी भोपाल

## सांध्यकालीन समाचार

मुख्य समाचार....

- मध्यप्रदेश बीमारू राज्य से उबरकर विकसित राज्य के रूप में अपनी पहचान बना रहा, कहा केन्द्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने।
- मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 53 हजार करोड़ रूपये से अधिक की परियोजनाओं का किया भूमिपूजन और लोकार्पण।
- भारतीय रिजर्व बैंक ने अपनी समीक्षा बैठक में ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं करने का लिया निर्णय।

और

- निर्वाचन आयोग मध्यप्रदेश में सहित पांच राज्यों में आगामी विधानसभा चुनाव सुचारू रूप से कराने के लिए की बैठक।

अब समाचार विस्तार से......

### अनुराग ठाकुर

केंद्रीय सूचना और प्रसारण, खेल और युवा मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने आज जबलपुर में कहा कि मध्यप्रदेश में एक बार फिर भाजपा की ही सरकार बनेगी। श्री ठाकुर ने आज जबलपुर के रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के एकात्म भवन में एन एस एस प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित कार्यक्रम मेरी माटी मेरा देश में भाग लिया। उन्होंने युवाओं को पंच प्रण की शपथ दिलाई. कार्यक्रम में श्री ठाकुर ने उपस्थित युवाओं से आव्हान किया कि देश के विकास में अपने अपने क्षेत्र में हरसंभव योगदान दे।

श्री ठाकुर ने रीवा में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि मध्यप्रदेश देश के सर्वश्रेष्ठ राज्यों में शामिल है। 20 वर्ष पहले मध्यप्रदेश बीमारू राज्य हुआ करता था। अब यह विकसित राज्य के तौर पर अपनी पहचान बना रहा है। । श्री ठाकुर ने कटनी में प्रबुद्ध जन सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि एशियाड खेलों में चीन की धरती पर हमारे खिलाड़ी तिरंगा का जलवा दिखाते ऐतिहासिक प्रदर्शन कर रहे है

### उज्ज्वला योजना

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में 53 हजार करोड़ से अधिक की परियोजनाओं का प्रदेश—स्तरीय भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने भोपाल के लालघाटी क्षेत्र स्थित प्रसिद्ध गुफा मंदिर में बनने वाले भव्य संत भवन का भूमिपूजन किया। भोपाल का ये गुफा मंदिर धर्म और संस्कृति का अनुपम केन्द्र है। यहां मानस भवन तो बनेगा ही साथ ही गुफा लोक को भी साकार रूप दिया जाएगा । मुख्यमंत्री ने भोपाल से सिंगल क्लिक के माध्यम से प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना हितग्राहियों और लाड़ली बहनों के खातों में गैस रिफिल योजना की 219 करोड़ की अनुदान राशि अंतरित की। मुख्यमंत्री लाडली बहना

योजना के अन्तर्गत पंजीकृत बहनें जिनके स्वयं के नाम से गैस कनेक्शन है को 450 रुपए में गैस रिफिल हेतु राज्य अनुदान की राशि का अंतरण आज भोपाल से सिंगल क्लिक के माध्यम से किया गया।

विश्व मस्तिष्क पक्षाघात दिवस

आज विश्व मस्तिष्क पक्षाघात दिवस है। सेरेब्रल पाल्सी के प्रति जागरुकता लाने के लिए यह दिवस पूरे विश्व में छह अक्टूबर को मनाया जाता है। इस वर्ष के लिये थीम है– टुगेदर स्ट्रॉंगर। यह दिवस मस्तिष्क पक्षाघात से पीड़ित लोगों और अन्य लोगों में एकता, सहयोग और आपसी समर्थन का महत्व दर्शाता है। मस्तिष्क पक्षाघात एक ऐसा विकार है जो व्यक्ति के चलने– फिरने और संतुलन बनाऐ रखने की क्षमता को प्रभावित करता है। इस अवसर पर एम्स भोपाल के फिजिकल मेडिसिन एंड रिहैबिलिटेशन ;पीएमआर विभाग ने एक सार्थक और शैक्षिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया।

जी–20 देशों के संसद अध्यक्षों का नौवां सम्मेलन इस महीने की 13 और 14 तारीख को नई दिल्ली में होगा। सम्मेलन की थीम है – एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य के लिए संसद। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आज नई दिल्ली में मीडिया को बताया कि इस वैश्विक आयोजन में 25 संसदीय पीठासीन अधिकारी, 10 उपाध्यक्ष और 50 सांसद भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि इस सम्मेलन में स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि और ऊर्जा से संबंधित विषयों के साथ जलवायु परिवर्तन पर गहन विचार–विमर्श होगा।

रिजर्व बैंक–मौद्रिक नीति

भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति ने अपनी द्विमासिक समीक्षा में ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं करने का निर्णय लिया है। आज मुम्बई समिति की बैठक के बाद गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि मौद्रिक नीति समिति ने सर्वसम्मति से रेपो दर में कोई बदलाव न करते हुए इसे छह दशमलव पांच प्रतिशत पर बरकरार रखा है।

रिजर्व बैंक से जारी बयान के अनुसार, व्यापक आर्थिक और वित्तीय घटनाक्रमों के विस्तृत मूल्यांकन के बाद समिति ने लगातार चौथी बार ब्याज दरें अपरिवर्तित रखने का निर्णय लिया है। परिणामस्वरूप स्थायी जमा सुविधा दर– एसडीएफ छह दशमलव दो पांच प्रतिशत और सीमांत स्थायी सुविधा दर–एमएसएफ तथा बैंक दर छह दशमलव सात– पांच प्रतिशत पर बनी रहेगी।

निर्वाचन आयोग–बैठक

निर्वाचन आयोग ने मध्यप्रदेश सहित पांच राज्यों में आगामी विधानसभा चुनाव सुचारू रूप से कराने के लिए रणनीति तय करने के बारे में नई दिल्ली में आज अपने पर्यवेक्षकों के साथ बैठक की। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार तथा चुनाव आयुक्तो अनूप चन्द्र पांडे और अरूण गोयल ने सामान्य, पुलिस और व्यय पर्यवेक्षकों के साथ विचार विमर्श किया। ये पर्यवेक्षक चुनाव के दौरान चुनावी प्रक्रिया की निगरानी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जिन राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं उनमें मध्यप्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ, तेलंगाना और मिजोरम शामिल हैं।

उद्यानिकी महाविद्यालय

केन्द्रीय कृषि मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने चम्बल अंचल को उद्यानिकी महाविद्यालय की सौगात देते हुये कहा कि अब अंचल के किसानों को उद्यानिकी की स्नातक शिक्षा दी जायेगी। वैज्ञानिक तकनीक से फल, सब्जी, मोटे अनाज, मसाले, फूल की फसल से शिक्षित–प्रशिक्षित किसान अपनी आय को दोगुनी कर सकेगें। चम्बल के गांव रतनबसई में निर्मित होने वाले महाविद्यालय का भूमिपूजन आज केन्द्रीय कृषि मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर द्वारा अम्बाह के पचासा मैदान पर किया गया। श्री तोमर ने बताया कि यह महाविद्यालय 300 एकड़ में विकसित होगा। इससे किसानों को जहां उन्नत प्रशिक्षण मिलेगा वहीं रोजगार के नये अवसर मिलेंगे। इसका लाभ चम्बल अंचल के नजदीक उत्तरप्रदेश, राजस्थान राज्य को भी मिलेगा।

एशियाई खेल

चीन में हांगझू एशियाई खेलों में भारत ने 22 स्वर्ण, 34 रजत और 39 कांस्य सहित कुल 95 पदक जीते। भारत फिलहाल पदक तालिका में चौथे स्थान पर है. भारत अपने 100 पदक के लक्ष्य की ओर तेजी से काम कर रहा है।

आज हॉकी में भारत ने जापान को 5–1 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। तीरंदाज़ी में भारतीय रिकर्व महिला टीम ने कांस्य पदक के प्लेऑफ़ मैच में वियतनाम को 6–2 से हराकर कांस्य जबकि पुरुष टीम ने फाइनल में दक्षिण कोरिया के खिलाफ रजत पदक जीता।

आरबीआई

रिजर्व बैंक ने दो हजार रुपये के नोटों को बदलने या उन्हें जमा करने की समय सीमा नजदीक आने पर कहा है कि करीब साढे तीन प्रतिशत यानि 12 हजार करोड़ रुपये मूल्य के नोट अभी भी प्रचलन में हैं।

आज मुंबई में संवाददताओं से बातचीत करते हुए रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि करीब 3 दशमलव 43 लाख करोड़ रुपये के नोट प्रचलन से वापस आ गए हैं। इनमें से 87 प्रतिशत बैंक में जमा किए गए हैं और नोटों को वापस किया गया है।

दो हजार रूपयें के नोटों को 19 मई, 2023 को प्रचलन से वापस लेने का फैसला किया गया था।

हालांकि दो हजार का नोट वैध मुद्रा होने के बावजूद, बैंक इन्हें अब स्वीकार नहीं करेंगे। अगर कोई व्यक्ति दो हजार का नोट बदलना चाहता है तो उसे एकमुश्त 20 हजार रुपये तक रिजर्व बैंक के देश भर के कार्यालयों में जमा कराना होगा।

अब कुछ समाचार संक्षेप में :–

- सीहोर के चंद्रशेखर आजाद शासकीय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय में युवा सारथी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से छात्र –छात्राओं का राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के संबंध में ज्ञानवर्धन किया गया।

- विधानसभा निर्वाचन 2023 के अंतर्गत 6 से 8 अक्टूबर तक विधानसभा छिंदवाड़ा के लिये उत्कृष्ट विद्यालय और शासकीय महारानी लक्ष्मी बाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छिंदवाड़ा में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है ।
- रीवा के शासकीय आदर्श विज्ञान महाविद्यालय में 2 अक्टूबर से 8 अक्टूबर तक मद्य निषेध सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है।
- ईरान की मानवाधिकार कार्यकर्ता नरगिस मोहम्मदी को महिलाओं के दमन के खिलाफ संघर्ष करने के लिए इस वर्ष का नोबेल शांति पुरस्काधर प्रदान किया जायेगा। इस पुरस्कासर से सम्मागनित होने वाली वे 19वीं महिला होंगी।

---